तोता रूप धरे हनुमाना | By Kumaar Mukesh

चित्रकूट का किस्सा पुराना
तोता रूप धरे हनुमाना
रूप रखना तो एक बहाना
दिया तुलसी को वचन निभाना

कहे तुलसी जी महिमा दिखा दो हमें
श्री राम जी के दर्शन करा दो हमें
हनुमान जी निभाए याराना
तोता रूप धरे हनुमाना

तोता बन के ये वचन सुनाने लगे
गहरी निद्रा से उनको जगाने लगे
तेरे घाट पे आये भगवाना
तोता रूप धरे हनुमाना

खुली आँखें तो तुलसी जी भावुक हुए
प्रभु राम जी के जाकर के पाँव छुए
प्रभु मुझको ना तुम ठुकराना
मेरे जीवन को पार लगाना
तोता रूप धरे हनुमाना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a5%82%e0%a4%aa-%e0%a4%a7%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-kumaar-mukesh/